**सौगात.** एयरपोर्ट के लिए मिलेगा सचिवालय और इको पार्क होते हुए नया रास्ता

# गंगा पथ से जुड़ेगा बेली रोड : सीएम


**संवाददाता, पटना**

**राजधानी** में शहरी इलाके से एयरपोर्ट पहुंचने के लिए एक अलग रास्ता मिलेगा. पटेल गोलंबर से इको पार्क के पश्चिमी छोर तक तथा इको पार्क के पूर्वी छोर से अटल पथ तक सरपेंटाइन नाले पर भूमिगत नाला के साथ चार लेन सड़क का निर्माण होगा. इसके अलावा मंदिरी नाले को जेपी गंगापथ से जोड़ा जायेगा. इस प्रकार बेली रोड से जेपी गंगा पथ पहुंचना सुगम हो जायेगा. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को इस निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान पटना जिले की शहरी के लिए 1056.36 करोड़ रुपये लागत की विभिन्न योजनाओं का भी शिलान्यास/कार्यारंभ किया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से पटना शहरी (मध्य क्षेत्र) में आमलोगों को काफी फायदा होगा तथा बेहतर जनसुविधाएं मिलेंगी. पटेल गोलंबर से अटल पथ तक बनने वाली सड़क पर करीब 196 करोड़ की लागत आयेगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके निर्माण कार्य होने से सचिवालय, राजधानी वाटिका तथा एयरपोर्ट आने-जाने में लोगों को काफी सुविधा होगी.

मुख्यमंत्री ने डाकबंगला से 328.52 करोड़ रुपये की लागत से पटना शहरी क्षेत्र में विद्युत संरचनाओं के आधुनिकीकरण एवं सुदृढीकरण के तहत बिजली के तारों को चरणबद्ध तरीके से भूमिगत करने की परियोजना का कार्यारंभ किया. इसके बाद मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ पर आयुक्त कार्यालय के निकट आयोजित कार्यक्रम स्थल से 48.96 करोड़ रुपये की लागत से गांधी मैदान के नजदीक पटना हाट निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. साथ ही 52.28 करोड़ रुपये की लागत से मंदिरी नाला पर निर्माणाधीन फोरलेन सड़क को जेपी गंगा पथ से जोड़ने के लिए संपर्क पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया.

**सायंस कालेज के न्यूटन हॉस्टल भी गये सीएम : पेज 04**

## 1056 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास



शिलान्यास के मौके पर मौजूद सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम व अन्य.

## गंगा पथ समग्र उद्यान परियोजना की आधारशिला

मुख्यमंत्री ने 387.40 करोड़ रुपये की लागत से गंगा नदी के किनारे दीघा से गांधी मैदान के बीच जेपी गंगा पथ के दोनों तरफ लगभग सात किमी की लंबाई में "जेपी गंगा पथ समग्र उद्यान परियोजना (फेज- 1)" के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. साथ ही मुख्यमंत्री ने 12.38 करोड़ रुपये की लागत की सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रीयट घाट तक विचरण पथके निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया.

## लोगों को आवागमन में और सहूलियत होगी

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी गंगा पथ निर्माण के बाद यहां पर लोगों की गतिविधियां बढ़ी हैं. यहां पर पर्यटन, मनोरंजन, सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं. "जेपी गंगा पथ समग्र उद्यान परियोजना (फेज-1)" के पूर्ण होने पर खुला हरित क्षेत्र का विकास होगा. साथ ही लोगों को अन्य मूलभूत सुविधाएं मिल सकेंगी, जिससे वो यहां के मनोरम दृश्य का लाभ उठा सकेंगे. उन्होंने कहा कि मंदिरी नाला पर बनाये जा रहे फोर लेन सड़क का जेपी गंगा पथ से संपर्क पथ के जुड़े जाने पर नेहरू पथ यानी पूर्व के बेली रोड की सीधी संपर्कता जेपी गंगा पथ से हो जायेगी. शहर के लोगों को आवागमन में और सहूलियत होगी.